राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने स्व. शेखावत को पुष्पांजलि अर्पित की

कहा, शुचिता से जुड़े स्व. शेखावत गरीबों और वंचित तबके के लिए कार्य करने वाले लोकप्रिय जन नेता थे

जयपुर, 23 अक्टूबर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे स्व. भैरोंसिंह शेखावत की जयंती पर विद्याधर नगर स्थित उनके स्मृति स्थल पर पहुंचकर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

उन्होंने स्व. शेखावत के व्यक्तित्व को अनुकरणीय बताया। बाद में उन्होंने कहा कि राजनीति में शुचिता से जुड़े स्व. शेखावत गरीबों और वंचित तबके के लिए निरंतर कार्य करने वाले लोकप्रिय जन नेता थे।

———————